संपादक :- रंजीत सिंह
RNI No-UPHIN/2001/03844

साप्ताहिक
# राष्ट्रीय मानवाधिकार

संपर्क सूत्र- 9779193694, email- rashtriyamanvadhikar@gmail.com



वर्ष : 26 अंक : 04 | मेरठ, मंगलवार, 19 मई 2026 | पृष्ठ: 04 | मूल्य : एक रूपया

# जनसेवा, सुरक्षा व सुशासन सरकार का संकल्प : योगी

» एजेंसी। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यस्ततम दिनचर्या के बीच भी सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए फरियादियों से मिले और हर किसी की समस्या सुनी।

मुख्यमंत्री ने सभी से कहा कि जनसेवा, सुरक्षा व सुशासन सरकार का संकल्प है। आपकी हर उचित समस्या का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तय समय सीमा के भीतर समस्याओं के निस्तारण का भी निर्देश दिया। 'जनता दर्शन' में बिहार से भी एक महिला मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचीं, मुख्यमंत्री ने उनका अभिवादन कर कुशलक्षेम पूछा।

मुख्यमंत्री योगी ने सभी के प्रार्थना पत्र लेने के उपरांत सम्बंधित जनपदों के अधिकारियों को प्रकरण की जांच कराकर पीड़ितों को न्याय दिलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक स्वयं मामलों पर नजर रखें और पीड़ितों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर



जरूरतमंद की समस्या का समाधान हमारी सरकार की प्रतिबद्धता है। मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देशित किया कि पूरी तत्परता व संवेदनशीलता से सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सभी को न्याय मिले। हर पात्र को योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भू माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। मुख्यमंत्री ने राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश दिए।

'जनता दर्शन' में मुख्यमंत्री योगी की प्रशंसक एक महिला बिहार से आई थीं। मुख्यमंत्री सभी की समस्या सुनते हुए उनके पास भी पहुंचे। पूछा कि कहां से आई हैं, आपको क्या परेशानी है। इस पर महिला ने कहा- महाराज जी, प्रणाम। हम बिहार से आइल बानी। हमके कवनो दिक्कत नाही बा। बस आपके दर्शन करेके रहल, त आ गइलीं। इस पर मुख्यमंत्री योगी ने उनका अभिवादन किया, फिर कहा कि गर्मी बहुत पड़ रही है। इस भीषण गर्मी में अकारण घर से न निकलें और परिवार के सभी लोगों का भी विशेष ध्यान रखें।

**जो यूपी में सफल, वह हर जगह सफल: योगी**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चयनित अभ्यर्थियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा है कि जो भी अधिकारी व कर्मचारी भारतीय प्रशासनिक व्यवस्था में यूपी के अंदर काम कर लेगा, देश-दुनिया में उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं है। जो यूपी में सफल है, वह हर जगह सफल है, क्योंकि 25 करोड़ आबादी का यूपी अलग-अलग परिस्थितियों में काम करता है और सम-विषम परिस्थितियों में परिणाम भी देता है। आप सभी को ऐसे राज्य में कार्य करने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

मुख्यमंत्री योगी सरकार के मिशन रोजगार के तहत सोमवार को 21 विभागों में विभिन्न पदों पर 932 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य-प्रवर अधीनस्थ सेवा परीक्षा 2024 के तहत चयनित युवाओं को सोमवार को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। लोकभवन में हुए कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के हाथों नियुक्ति पत्र पाकर नवचयनितों के चेहरे खिल उठे।

मुख्यमंत्री ने चयनित युवाओं से कहा कि यह आपके, माता-पिता, अभिभावक, पारिवारिक सदस्यों, मित्रों के लिए खुशी का पल है। आपकी सफलता प्रदेश की सफलता का आधार बनना चाहिए। जिस पारदर्शी तरीके से आपका चयन हुआ है, शासन भी सर्विस कालखंड के दौरान उसी पारदर्शी व शुचितापूर्ण कार्यपद्धति की अपेक्षा करता है। जो कार्य आज करना है, उसे आज ही करने की आदत डालनी पड़ेगी। पहले 10 वर्ष में जो मेहनत कर पाएंगे, वह आपके आगे के 30-35 वर्ष के सेवाकाल व उसके बाद के कार्यकाल के लिए भी मजबूत नींव होगी। परिश्रम व्यक्ति को सफलता की ऊंचाई तक पहुंचाता है। आपका परिश्रम ईमानदार व्यवस्था के साथ जुड़ता है तो परिणाम आता है। यही परिणाम आगे भी परिश्रम का आधार बनेगा तो वह जीवन भर सुखद अनुभूति का अहसास कराएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की मंशा, व्यवस्था और कार्ययोजना क्या है।

## भाजपा में शामिल होने से इनकार करने पर हुई दीपक की गिरफ्तारी



» एजेंसी। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को कहा कि गोवा में आप के सह प्रभारी दीपक सिंगला को इसलिए गिरफ्तार किया गया कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने से इनकार किया है। श्री केजरीवाल ने कहा कि श्री सिंगला को इसलिए गिरफ्तार नहीं किया कि उन्होंने कोई गलत काम किया है बल्कि इसलिए गिरफ़्तार किया है क्योंकि वह भाजपा के ख़िलाफ काम कर रहे थे और भाजपा में शामिल होने से मना कर दिया।

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा, "आज देश में नीट का पेपर लीक हो रहा है, पेट्रोल-डीजल और सीएनजी के दाम रोज़ बढ़ रहे हैं, रुपया डॉलर के सामने गिरता जा रहा, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सिर्फ़ एक काम है – विपक्ष के नेताओं पर झूठे मामले लगाना और उन्हें गिरफ़्तार करना। ईडी ने "आप" नेता दीपक सिंगला को गिरफ्तार किया है क्योंकि वह गोवा में भाजपा के ख़िलाफ़ लड़ने वाला एक संगठन तैयार कर रहे थे। मेरा प्रधानमंत्री से कहना है कि आप चाहे हमारी पार्टी के कितने भी नेताओं को गिरफ़्तार करें, हम देश के हित के लिए काम करते रहेंगे।" उन्होंने कहा कि पूरे देश ने देखा कि बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा ने ईडी का इस्तेमाल तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ किया था। चुनाव लड़ाने वाली एजेंसी 'आई पैक' में काम करने वाले लोगों को जेल भेज दिया गया और चुनाव से ठीक पहले तृणमूल कांग्रेस का सारा डाटा ईडी के माध्यम से चुरा लिया गया। जैसे ही चुनाव खत्म हुआ, वैसे ही उन सभी लोगों को जेल से रिहा कर दिया गया।

## भाजपा से सावधान रहें सोशल मीडिया का चुनाव में दुरूपयोग करेगी: अखिलेश

» एजेंसी। लखनऊ

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं को सावधान करते हुए कहा है कि मर्यादित आचरण करें। व्यवहार और भाषा अच्छी होनी चाहिए। धैर्य और अनुशासन के साथ काम करना है। भाजपा से सावधान रहना है। भाजपा चुनाव में सोशल मीडिया का दुरुपयोग करेगी। अखिलेश ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा नाटकबाज पार्टी है। नकारात्मक प्रचार करती है। समाजवादी पार्टी को बदनाम करने की साजिश करती है। भाजपा राजनीतिक पार्टी नहीं गैंग है। निर्दोष लोगों को पुलिस से फंसाती है, परेशान करती है। भाजपा जनता का वह भरोसा खो चुकी है। वह लाख षडयंत्र कर ले इस बार प्रदेश की जनता समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का निर्णय कर चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा सनातन विरोधी है। मेरे मंदिर से जाने के बाद उसे गंगाजल से धुलवाया था। भाजपा सरकार में शंकराचार्य को अपमानित किया गया। भाजपा की गलत नीतियों से महंगाई और बेरोजगारी, भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है।

### अखिलेश पीडीए की आड़ में सिर्फ 'यादव' ढूंढना बंद कीजिए : ओम

» एजेंसी। लखनऊ

सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष व प्रदेश सरकार के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि आप अपने पीडीए यानी श्पार्टी ऑफ डिम्पल एंड अखिलेशश की आड़ में सिर्फ 'यादव' ढूंढना बंद करिए। राजभर ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि नियुक्तियों में हेराफेरी वाली सपा सरकार के दौरान बड़े-बड़े कारनामे किये हैं। आपका फार्मूला इतना हिट रहा कि 86 में से अकेले 56 एक ही जाति के एसडीएम बन गए थे ? क्या-क्या कुचक्र रचते थे !! गजब। हाथ जोड़कर निवेदन है कि हमें भी बता दीजिए वो वाला सीक्रेट जिससे हम राजभर, चौहान, निषाद, बिंद, केवट, मल्लाह, कश्यप, प्रजापति, पाल, लोहार, शाक्य, धोबी, सैनी और सभी बहुजन जातियों के लड़के भी एसडीएम बन सकें।

## हर पीड़ित को न्याय दिलाना सरकार की प्राथमिकता : मौर्य

» एजेंसी। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार को अपने कैंप कार्यालय, 7-कालिदास मार्ग, लखनऊ में आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित, प्रभावी एवं संतोषजनक निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

जनता दर्शन में बड़ी संख्या में पुरुष, महिलाएं, बुजुर्ग, दिव्यांगजन एवं युवा उपस्थित रहे। लोगों ने भूमि विवाद, राजस्व प्रकरण, चिकित्सा सहायता, पेंशन, आवास, सड़क, बिजली-पानी, पुलिस कार्रवाई, शिक्षा एवं रोजगार से जुड़ी समस्याएं उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं।

उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी



प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार अधिकारी मौके पर जाकर निरीक्षण करें तथा पीड़ितों को समयबद्ध राहत उपलब्ध कराएं।

श्री मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार जनहित और सुशासन के संकल्प के साथ कार्य कर रही है तथा हर पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं एवं सुविधाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कोई भी फरियादी निराश नहीं लौटेगा और प्रत्येक समस्या का हरसंभव समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

भूमि विवाद एवं अवैध कब्जों से संबंधित मामलों को गंभीरता से लेते हुए श्री मौर्य ने संबंधित जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर भेजकर निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न एवं अवैध कब्जों के मामलों में आवश्यकता पड़ने पर कठोर कार्रवाई भी की जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हर जरूरतमंद की समस्या का समाधान डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पूरी तत्परता व संवेदनशीलता से सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सभी को न्याय मिले। हर पात्र को योजनाओं का लाभ मिले, जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो, जमीन कब्जाने वाले भूमाफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो।

### महंगाई को लेकर सरकार पर बरसे सुभाष चंद लाला

» एजेंसी। नई दिल्ली

देश में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, दूध तथा सोना-चांदी की बढ़ती कीमतों को लेकर आम आदमी पार्टी के विश्वास नगर वार्ड अध्यक्ष सुभाष चंद लाला ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई से आम और मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। सुभाष चंद लाला ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी से हर वर्ग प्रभावित हो रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता को राहत देने में पूरी तरह विफल साबित हुई है और महंगाई पर नियंत्रण नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि सीमित आय वाले परिवारों के लिए रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं खरीदना मुश्किल होता जा रहा है। दूध, सीएनजी और अन्य जरूरी सामानों के दाम लगातार बढ़ने से लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं।

## सम्पादकीय

# मुनाफे का जानलेवा खेल

इंसानी जीवन मूल्यों में किस हद तक गिरावट आई है कि कुछ लालची लोग मुनाफे के लिये दूसरे लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी गुरेज नहीं करते। अब चाहे सुकोमल व बीमारियों के संक्रमण की दृष्टि से संवेदनशील छोटे बच्चे ही क्यों न हों। निस्संदेह, जीवनदायिनी दूध में मिलावट, इंजेक्शन लगे फल-सब्जी तथा नकली दवाइयों का कारोबार जैसे घातक कृत्य से मुनाफा कमाने में लगे लोगों की मानवीय संवेदनाएं मर चुकी हैं। कल्पना करें कोई बीमार व्यक्ति सेहत के लिये दूध का सेवन करे और उसे रासायनिक पदार्थों से मिला दूध मिले तो वह स्वस्थ होने के बजाय बीमार ही हो जाएगा। ऐसा ही नकली-मिलावटी दवाइयों के बाबत कहा जा सकता है कि कोई बीमारियों से मुक्त होने हेतु दवा खरीदे और उसे नकली दवाइयां बेच दी जाएं। लेकिन इससे भी घातक वह कुकृत्य है जिसमें पंजाब में बायोमेडिकल कचरे की अवैध रीसाइक्लिंग से जुड़े रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। दुखद ही है कि अस्पतालों और ब्लड बैंकों से एकत्र खतरनाक बायोमेडिकल कचरे को निर्धारित नियमों को ताक में रखकर रीसाइक्लिंग के लिये भेजा जा रहा था। जबकि सख्त नियमों के अंतर्गत प्रावधान है कि बायोमेडिकल कचरे को अनिवार्य रूप से नष्ट किया जाना चाहिए। खबरें तो ऐसी भी आई हैं कि बायोमेडिकल कचरे से रिसाइकल किया गया प्लास्टिक, मेडिकल उपकरण, यहां तक कि सस्ते खिलौने बनाने वालों तक पहुंच रहा है। उल्लेखनीय है कि बायोमेडिकल कचरे को उच्च गुणवत्ता वाले प्लास्टिक के रूप में पाया जाता है, जो सस्ती उपलब्धता के कारण उत्पादकों की लागत कम कर देता है। वहीं कुछ उत्पादों को साफ करके फिर से बाजार में उतारने की भी आशंका है। दरअसल, जानलेवा अवैध कारोबार का खुलासा तब हुआ, जब पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को मिली शिकायत के आधार पर पुलिस ने एक गोदाम से भारी मात्रा में बायोमेडिकल कचरा बरामद किया। निश्चित ही, इस घातक खेल में ऐसे लोग भी शामिल होंगे, जो मेडिकल कचरे को नष्ट करने के बजाय चंद रुपयों के लिये उसे बेचकर मुनाफा कमा रहे हैं। निस्संदेह, इस जानलेवा खेल के पीछे एक सुनियोजित सांठगांठ वाले गिरोह की भूमिका होगी। जिसके जरिये बायोमेडिकल कचरे को गोदामों से निकालकर स्क्रैप डीलरों के माध्यम से बेचा गया। पुलिस के छापे में गोदाम से खून से सने कॉटन पैड, प्रयोग की गई सिरिंज और खून के सैंपल वाली बोतलों समेत कई ऐसे मेडिकल वेस्ट मिले हैं जो घातक संक्रमण फैलाने का जरिया बन सकते हैं।

# डीएम ने जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं

## राजस्व, नगर सेवाएं और विकास कार्यों से जुड़ी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

» संवाददाता



गाजियाबाद। जनसमस्याओं के त्वरित समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को आयोजित 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों की गंभीरता के साथ सुनवाई की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने राजस्व, विकास, नगर सेवाओं तथा बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्रशासन के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान राजस्व विभाग, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, नगर निगम, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों से संबंधित प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उसका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी जनता को राहत पहुंचाना है और जनसुनवाई कार्यक्रम इसी उद्देश्य की पूर्ति का महत्वपूर्ण माध्यम है। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में 'जनता दर्शन' एवं जनसुनवाई कार्यक्रम की निगरानी सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय उत्तर प्रदेश द्वारा लाइव कनेक्टिविटी के माध्यम से की जा रही है। इससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही को और मजबूती मिली है। जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक आम नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई अनिवार्य रूप से की जाए तथा निर्धारित समय पर जूम प्लेटफॉर्म के माध्यम से लाइव उपलब्ध रहें। जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान कई मामलों का मौके पर ही समाधान कराया गया। जिलाधिकारी ने जूम के माध्यम से संबंधित अधिकारियों से सीधे संवाद स्थापित कर शिकायतों की स्थिति की जानकारी ली और प्रभावी निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस व्यवस्था से फरियादियों को त्वरित राहत मिलने के साथ प्रशासनिक प्रक्रिया भी अधिक प्रभावी होती नजर आई।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ का एक अलग और प्रेरणादायक पहलू भी देखने को मिला। माननीय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए ईंधन संरक्षण के संदेश को गंभीरता से अपनाते हुए वे नियमित रूप से बाइक शेयरिंग के माध्यम से कार्यालय आवागमन कर रहे हैं।

# महंगाई के विरोध में कांग्रेसियों ने निकाला जुलूस



» संवाददाता

बड़ौत। पेट्रोल-डीजल सीएनजी समेत विभिन्न खाद्य पदार्थों के मूल्यों में की गई वृद्धि के विरोध में नगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर में पहुंच एसडीएम को प्रदेश के राज्यपाल के नाम ज्ञापन दिया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामहरि पंवार के नेतृत्व में काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता जुलूस के रूप में पहुचे थे। सोमवार को शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामहरि पंवार व पूर्व जिलाध्यक्ष चौ. रामकुमार सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता शहर कार्यालय दिल्ली-सहारनपुर हाइवे से नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के राज्यपाल के नाम एसडीएम भावना सिंह को ज्ञापन दिया। पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिला अध्यक्ष बागपत चौधरी रामकुमार सिंह ने कहा कि पेट्रोल, डीजल, सीएनजी, एलपीजी आदि के बढाए गए दामों का सबसे अधिक असर किसान, मजदूर व गरीब वर्ग पर पड़ा है। पांच किलो का सिलेंडर गरीब महिलाओं की आवश्यकता है। शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा कि पेट्रोलियम पदार्थ, दूध आदि खाद्य पदार्थों में की गई मूल्य वृद्धि का आम आदमी पर प्रभाव पड़ना शुरु हो गया है। इस महंगाई को गरीब वर्ग सहन नहीं कर पा रहा है। जिसने महिलाओं के रसोई के बजट को और बिगाड़ दिया। किसानों व मजदूरों के उपर आर्थिक संकट के बादल और मडंरा गए। इससे पूर्व कांग्रेस के शहर कार्यालय पर केरलम व तमिलनाडु में सरकार गठन को लेकर खुशी मनाई गई। इस अवसर पर शोकेन्द्र तोमर, बिजेन्द्र शर्मा, शमीम खान, ओमबीर दुहूण, पंकज शर्मा, रविन्द्र तोमर, मदन सिंह, इरशाद आलम, ब्रजमोहन शर्मा, याकूब अहमद, नंदकिशोर शर्मा, मौ. प्रवेज, अजहर पठान, सोमपाल शर्मा, खुर्शीद आलम, जयवीर राठी, सागर कुमार, दिलशाद, औंकार दत्त आदि उपस्थित रहे।

# आशा कार्यकर्ताओं को दी योजनाओं की जानकारी

» संवाददाता

गाजियाबाद। जिले में नव चयनित 408 आशा कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण सोमवार से शुरू हो गया है। प्रशिक्षण तीन स्थानों पर दिया जा रहा है। इसमें मास्टर ट्रेनर नई आशाओं को स्वास्थ्य विभाग की सरकारी योजनाओं, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण और जनजागरूकता संबंधी कार्यों की विस्तृत जानकारी दे रहे हैं। सोमवार से सीएमओ सभागार, गुलधर और शास्त्रीनगर में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए गए। सीएमओ कार्यालय में आयोजित प्रशिक्षण सत्र में एनसीडी विशेषज्ञ डॉ. पवन कुमारी ने आशा कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियों और ग्रामीण-शहरी स्वास्थ्य सेवाओं में उनकी भूमिका के बारे में बताया। प्रशिक्षण में आशाओं को गर्भवती महिलाओं की देखभाल, नवजात शिशु स्वास्थ्य, संचारी और गैर संचारी रोगों की पहचान, परिवार नियोजन और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के तौर-तरीकों की जानकारी दी जा रही है। शहरी पीएचसी के नोडल अधिकारी डॉ.आरके गुप्ता ने बताया कि पहले दिन तीन बैचों में प्रशिक्षण शुरू किया गया। प्रत्येक बैच में 10 आशा कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया। यह प्रशिक्षण लगातार आठ दिनों तक चलेगा। इसके बाद आगे के बैच को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### जागरुकता अभियान और नुक्कड़ नाटक का आयोजन

» संवाददाता

गाजियाबाद। दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित आईटीएस फिजियोथेरेपी कॉलेज में उच्च रक्तचाप दिवस पर जागरुकता अभियान और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस मौके पर उच्च रक्तचाप के कारण, बचाव और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में बताया। डेंटल कॉलेज की ओपीडी में आने वाले लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उच्च रक्तचाप से कैसे बचा जाए, इसके बारे में बताया। कॉलेज के वाइस चेयरमैन अर्पित चढ्डा ने सभी का आभार जताया।

### छात्रों को आपदा से बचाव के गुर सिखाए

» संवाददाता

गाजियाबाद। वसुंधरा सेक्टर-13 स्थित महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में सोमवार को आठवीं बटालियन राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ने आपदा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम में छात्रों को आपातकालीन स्थितियों एवं प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के तरीके सिखाए गए। सहायक अधीक्षक निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने छात्रों को प्राकृतिक आपदाओं और आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्क रहने के उपाय बताए।

### महिलाओं को कैंसर रोकथाम और उपचार को लेकर जागरूक किया

» संवाददाता

गाजियाबाद। क्रॉसिंग रिपब्लिक स्थित स्काईटेक फेज-2 सोसाइटी में अशोक फाउंडेशन एवं यशोदा मेडिसिटी के सहयोग से महिलाओं में होने वाले कैंसर की रोकथाम, पहचान एवं उपचार को लेकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें डॉ. इप्शिता साहू ने महिलाओं में होने वाले विभिन्न प्रकार के कैंसर, उनके शुरुआती लक्षण, समय पर जांच एवं आधुनिक उपचार पद्धतियों के बारे में जानकारी दी।

# भीषण गर्मी में अग्निशमन विभाग की सतर्कता बनी सुरक्षा कवच, 23 अग्निवीरों को मिला सम्मान

» संवाददाता

गाजियाबाद। भीषण गर्मी के चलते लगातार बढ़ते तापमान और विद्युत लोड के कारण आग लगने की घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है। ऐसे संवेदनशील समय में गाजियाबाद का अग्निशमन विभाग पूरी मुस्तैदी, त्वरित कार्रवाई और समर्पण भाव के साथ नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभा रहा है। विभाग की सक्रियता के कारण कई संभावित बड़े हादसे समय रहते टाले जा सके हैं। अग्निशमन विभाग की टीमें दिन-रात अलर्ट मोड पर कार्य करते हुए आग लगने की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य संचालित कर रही हैं। विभाग केवल अग्निकांडों को नियंत्रित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि शहरभर में निरंतर जनजागरूकता अभियान भी चलाए जा रहे हैं। इन अभियानों के माध्यम से लोगों को गर्मी के मौसम में बिजली के उपकरणों का सुरक्षित उपयोग, गैस सिलेंडर सावधानी, शॉर्ट सर्किट से बचाव तथा आपातकालीन स्थिति में अपनाए जाने वाले उपायों की जानकारी दी जा रही है। शहर में आग की बढ़ती घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए सोमवार को जिलाधिकारी द्वारा अग्निशमन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल, अग्निशमन अधिकारी कोतवाली शेषनाथ यादव, अग्निशमन द्वितीय अधिकारी वैशाली मूलवंद सिंह सहित कुल 23 अग्निशमन कर्मियों को हाल के समय में विभिन्न अग्निकांडों को सफलतापूर्वक नियंत्रित करने में दिए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। सम्मान समारोह में जिलाधिकारी ने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान अग्निशमन विभाग की जिम्मेदारी कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में अपनी जान जोखिम में डालकर नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना अत्यंत सराहनीय कार्य है। उन्होंने अग्निशमन कर्मियों की टीम भावना, अनुशासन और तत्परता को प्रशासन की सबसे मजबूत आपदा प्रबंधन शक्ति बताया। इस अवसर पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने सकारात्मक संदेश देते हुए कहा कि विभाग का पहला लक्ष्य नागरिकों की सुरक्षा और जन-धन की हानि को न्यूनतम करना है। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में छोटी-सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है।

# एक्रेलिक आर्ट वर्कशॉप का भव्य आयोजन

» संवाददाता

शामली। बीएसएम स्कूल में छात्र-छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से एक्रेलिक आर्ट वर्कशॉप का भव्य आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रसिद्ध फाइन आर्टिस्ट एवं आर्ट मेंटर रिया कुच्छल ने कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को आर्ट एवं क्राट की बारीकियों की जानकारी दी। करीब 10 वर्षों के अनुभव से समृद्ध आर्ट मेंटर रिया कुच्छल ने विद्यार्थियों को कला के तकनीकी पहलुओं के साथ उनकी रचनात्मक क्षमता को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह तथा उप-प्रधानाचार्या आशु पंडित ने बताया कि कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को एक्रेलिक पेंटिंग, रंगों के संयोजन, कलात्मक अभिव्यक्ति एवं विभिन्न आर्ट एंड क्राट तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए नई कलाओं को सीखा और अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय परिसर में पूरे समय उत्साह एवं सीखने का माहौल बना रहा। प्रधानाचार्य राहुल चौधरी ने कहा कि कला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास एवं कल्पनाशक्ति को विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को कला, संस्कृति एवं रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने अपनी तैयार की गई सुंदर कलाकृतियों का प्रदर्शन किया, जिसकी उपस्थित शिक्षकों ने सराहना की।

# सीडीओ ने वर्क फ्राम होम के लिए अफसरों से की मंत्रणा

» संवाददाता



मेरठ। प्रधानमंत्री की देशवासियों से की गयी अपील के दृष्टिगत सीडीओ ने सरकारी विभागों में वर्क फ्रॉम होम की योजना बनाने के लिए अफसरों से मंत्रणा की। इसके लिए सभी विभागाध्यक्षों से ब्योरा मांगा गया है। साथ ही वर्क फ्रॉम होम से कार्य के होने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गयी। विकास भवन सभागार में सोमवार को मुख्य विकस अधिकारी नूपुर गोयल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। सीडीओ ने प्रधानमंत्री द्वारा की गयी अपील के सातों बिंदुओं जहां संभव हो वहां वर्क फ्रोम होम को प्राथमिकता देने, पेट्रोल और डीजल के उपभोग को कम करने, मेट्रो एवं सार्वजनिक वाहनों का अधिकाधिक प्रयोग करने, खाद्य तेलों का उपभोग कम करने, केमिकल फर्टिलाइजर्स पर निर्भरता कम करने एवं प्राकृतिक खेती की तरफ बढ़ने, विदेशी ब्राण्ड के उत्पादों का न्यूनतम उपयोग तथा स्वदेशी उत्पादों को अपनाने, एक वर्ष तक विदेश यात्रा से दूर रहने तथा एक वर्ष तक सोना न खरीदने का उल्लेख किया गया। सीडीओ ने सोना न खरीदने के आशय को स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि सोना से तात्पर्य सोने की ज्वेलरी नहीं बल्कि गोल्ड बुलियन अर्थात सोने की ईंट एवं सोने के बिस्कुट से है। बैठक के दौरान व्यापारियों को विदेशी मुद्रा पर आये वैश्विक दबाव के विषय में विस्तार से समझाया गया और यह अपेक्षा की गयी कि सभी व्यापारी देशहित में स्वेच्छा से सोने चांदी की ईंट-बिस्कुट खरीद-बिक्री को हतोत्साहित करेंगे। इस संबंध में सर्राफा व्यापारी एसोसिएशन एवं स्थानीय व्यापारियों द्वारा अपनी पूर्ण सहमति व्यक्त की गयी, उनके द्वारा आश्वासन दिया गया कि पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण उपजी वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए वह अर्थव्यवस्था को संबल देने के लिए सरकार का हर संभव सहयोग करेंगे। मीटिंग में सर्राफा एसोसिएशन के महामंत्री विजय आनन्द अग्रवाल और संजय प्रकाश द्वारा सर्राफा व्यापार में आ रही परेशानियां बतायी गयीं और अपनी बात शासन तक प्रेषित करने का अनुरोध किया गया, जिसके संबंध में उन्हें आश्वस्त किया गया कि सर्राफा एसोसिएशन के पदाधिकारियों से प्रत्यावेदन प्राप्त होते ही उसे शासन को भेज दिया जायेगा। बैठक में राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त ग्रेड-1 हरीराम चौरसिया, अपर आयुक्त ग्रेड-2 अमित कुमार पाठक, उपायुक्त अरुण कुमार पांडे, संजय सिंह, जितेन्द्र कुमार रमन एवं विजयपाल उपस्थित रहे। वहीं मेरठ बुलियन ट्रेडर्स एसोसिएशन की ओर से रवि प्रकाश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, विजय आनन्द अग्रवाल, अक्षत जैन, मनोज गर्ग, लोकेश अग्रवाल, निशांत रस्तौगी, विपुल सिंघल, अनुज गर्ग, अनिल जैन बंटी, अंकित सिंघल, विवेक, राहुल जैन, निखिल जैन, मनोज वर्मा सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

## समर कैंप में छात्राओं ने जाना स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान

» संवाददाता

मेरठ। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज पिठलोकर में रविवार को भारतीय भाषा समर कैंप 2026 के अंतर्गत सांस्कृतिक सराहना और श्रवण कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को स्थानीय नायकों, स्वतंत्रता सेनानियों और कलाकारों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान छात्राओं से महात्मा गांधी, चंद्रशेखर आजाद, जवाहरलाल नेहरू और झांसी की रानी सहित कई महान विभूतियों पर पोस्टर बनवाए गए। साथ ही उनकी जीवनियों के माध्यम से अन्य छात्राओं को भी प्रेरित किया गया। प्रधानाचार्य जावेद अख्तर ने छात्राओं को विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष और योगदान से अवगत कराया। अध्यापिका राधा ने महात्मा गांधी के अहिंसा आंदोलन पर प्रकाश डाला, जबकि वंदना चौधरी ने चंद्रशेखर आजाद के जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें बताईं। अध्यापिका डॉ. सपना ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर योद्धाओं के बारे में जानकारी दी। मास्टर इस्माइल ने कहा कि देश के अमर शहीदों का बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता।

## हाइपरटेंशन जागरूकता एवं बीएमडी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




» संवाददाता

मेरठ। महावीर विवि के अंतर्गत संचालित महावीर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा विशेष हाइपरटेंशन जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, विद्यार्थियों एवं मरीजों को उच्च रक्तचाप, हड्डियों के स्वास्थ्य तथा स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का ब्लड प्रेशर, शुगर एवं सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण निःशुल्क किया गया। चिकित्सकों ने उपस्थित लोगों को उच्च रक्तचाप के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, योग एवं समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी। इसी क्रम में Zeniqua कंपनी के सहयोग से बोन मिनरल डेंसिटी (BMD) जांच शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें हड्डियों की मजबूती एवं ऑस्टियोपोरोसिस संबंधी जांच की गई। विशेषज्ञों ने कैल्शियम युक्त आहार एवं सक्रिय दिनचर्या अपनाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। दोनों शिविरों में 100 से अधिक लोगों ने लाभ प्राप्त किया।

## ब्याज पर रुपये दिलाने के नामर पर 1.7 करोड़ की ठगी

» संवाददाता

मेरठ। पीड़िता की तहरीर पर एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने ब्यूटी पार्लर संचालिका समेत चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रेटर अप्पू एंक्लेव निवासी रीतू सिंह ने बताया कि कॉलोनी में किराये पर रहने वाली रेनू तोमर जो पल्लवपुरम फेज-दो में एंजिल ब्यूटी पार्लर संचालित करती है। नवंबर 2025 में उनके संपर्क में आई थी। रेनू ने मंडी में फल-सब्जी खरीदने वाले व्यापारियों को ब्याज पर रकम दिलवाकर अच्छा मुनाफा दिलाने का भरोसा दिया। रीतू ने शुरुआत में दो लाख रुपये दिए। कुछ समय तक ब्याज मिलने पर भरोसा बढ़ा तो उन्होंने पति, बेटी, दामाद और अन्य रिश्तेदारों के खातों से रकम ट्रांसफर करानी शुरू कर दी।

आरोप है कि रेनू के कहने पर पीड़िता ने गहने गिरवी रखकर और रिश्तेदारों से उधार लेकर भी रकम दी। नवंबर 2025 से 18 मार्च 2026 के बीच पीड़िता ने अपने व रिश्तेदारों के खातों से 1 करोड़ 7 लाख 65 हजार रुपये रेनू तोमर और उसके बताए खातों में ट्रांसफर किए। बाद में जब रेनू ने और निवेश का दबाव बनाया तो शक होने पर पीड़िता ने उसके बताए सुनील डेली कमेटी और करण मलिक से संपर्क किया। दोनों ने उसको पहचानने से इनकार कर दिया।

## श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ

» संवाददाता

मेरठ। शास्त्रीनगर नई सड़क स्थित भोलेश्वर मंदिर में सोमवार को पुरुषोत्तम मास के अवसर पर श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारंभ हुआ। कथावाचक पंडित रामप्रकाश शास्त्री ने भागवत कथा का महत्व बताया। कहा कि भगवान का वाङ्मय स्वरूप ही भागवत है, जिसका श्रवण मात्र कलयुग में मानव को समस्त बंधनों से मुक्ति प्रदान करता है। कथा से पहले श्रद्धालुओं ने धूमधाम से कलश यात्रा निकाली। 101 महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर भक्ति संगीत पर नृत्य करते हुए भोलेश्वर मंदिर तक यात्रा निकाली। यात्रा में कशल लेकर चल रही महिलाओं पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। मंदिर पहुंचने पर पंडित उमेश भट्ट द्वारा विधि विधान से नवग्रह पूजन संपन्न कराया।

यजमान अशोक गोयल, राधा गोयल, राजेंद्र गोयल और मनीषा रहे। व्यास पीठ पूजन नवीन अरोड़ा ने कराया।कथावाचक पंडित रामप्रकाश शास्त्री ने आत्मदेव ब्राह्मण और गौकर्ण चरित्र का वर्णन करते हुए भक्ति माता की कथा सुनाई। कहा कि श्रीमद्भागवत पुराण ज्ञान और वैराग्य को सुदृढ़ करने वाला दिव्य शास्त्र है और कलयुग में मानव को देवत्व की ओर ले जाने वाला महाग्रंथ है। मौके पर आलोक सिसोदिया, मुकेश, नितेश, अनुज, शुभम, नमन गोयल, गोविंद, शिवांश, माधव, तन्मय आदि मौजूद रहे।

## कार्यशाला में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

» संवाददाता

मेरठ। उत्तम पब्लिक स्कूल रहावती में सोमवार को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वस्थ जीवनशैली, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा साफ-सफाई के प्रति जागरुकता बढ़ाना था। कार्यशाला में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मंच संचालन ज्योति रस्तौगी ने किया। मुस्कान ढिल्लन, प्रधानाचार्या ममता चौधरी, हिमांशु सिंघल, अरविंद चौधरी, सोहनवीर चौधरी, श्रीमती पूजा गुप्ता, रुचि वर्मा, नौशाबा परवीन एवं कुमारी प्रिया भी उपस्थित रहीं।

## भैंसा बुग्गी से माल पहुंचाने का लिया संकल्प

» संवाददाता

मेरठ। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन मेरठ द्वारा सरकार द्वारा डीजल के रेटो मे वृद्धि को लेकर अध्यक्ष गौरव शर्मा के नेतृत्व मे एक की मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें डीजल को लेकर केंद्र सरकार द्वारा 3 बढ़ाये जाने के खिलाफ ट्रांसपोर्टरो ने दिल्ली रोड मे प्रदर्शन किया। ट्रांसपोर्ट नगर में भैंसा बुग्गी से माल पहुंचाने का संकल्प लिया। अध्यक्ष गौरव शर्मा ने कहा की अगर देश हित के लिए ट्रांसपोर्टरो के लिए डीजल का मूल्य 3 से भी बढ़कर 10 तक भी बढ़ाया जाएगा। तो ट्रांसपोर्टर देश के लिए भाड़ा नहीं बढ़ाएंगे लेकिन सरकार को ट्रांसपोर्ट के लिए जब तक डीजल की वृद्धि हो रही है तब तक के लिए टोल टैक्स फ्री कर देना चाहिए। जिससे कि आम जनमानस को महंगाई की मार ना झेलनी पड़े इससे ट्रांसपोर्टरो को भी व्यवसाय करने मे आसानी हो जाए। क्योंकि ऑल इंडिया मोटर कांग्रेस द्वारा 21 मई से 23 मई तक दिल्ली एनसीआर मे ट्रांसपोर्टर द्वारा NGT टैक्स के विरुद्ध मे पूर्ण रूप से हड़ताल घोषित कर दी है अगर सरकार द्वारा ऐसे ही ट्रांसपोर्टरो का उतत्पीड़न किया जाता रहा तो ट्रांसपोर्ट व्यवसाय बिलकुल समाप्त हो जायेगा। इसी के साथ अध्यक्ष गौरव शर्मा ने सरकार को एक निवेदन पत्र भी लिखा है जिसमे ट्रांसपोर्टर ने अपनी मांगे उस पत्र मे लिखी है। मीटिंग मे दीपक गांधी, रोहित कपूर, अंकुर प्रजापति, सुनील कौसिक, धीरज, मोनू, सोनू, गुलफाम, संगीत, अम्बर गोयल, नीरज मुल्तानी, आदि मौजूद रहे।

## महंगे पेट्रोल डीज़ल के खिलाफ कांग्रेसियों का कलेक्ट्रेट पर पर प्रदर्शन

» संवाददाता




मेरठ। पेट्रोलियम पदार्थों के मूल्य में बढ़ोतरी के विरोध में सोमवार को जिला और महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग प्रदर्शन का सरकार की आर्थिक नीतियों का विरोध किया। जिला कांग्रेस कमेटी ने अध्यक्ष गौरव भाटी के नेतृत्व और प्रवक्ता सैयद आमिर रज़ा के संचालन में कलेक्ट्रेट पर तो महानगर कांग्रेस ने अध्यक्ष रंजन शर्मा के नेतृत्व व मीडिया प्रभारी हरिकिशन आंबेडकर के संचालन में बच्चा पार्क पर जोरदार प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तो एक तरह से कलेक्ट्रेट का घेराव किया और ज्ञापन सौंपा। उधर दूसरी ओर महानगर कार्यकर्ताओं ने बच्चा पार्क पर सरकार की आर्थिक नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष गौरव भाटी और महानगर अध्यक्ष रंजन शर्मा ने कहा कि सरकार ने पेट्रोल और डीजल के साथ साथ सीएनजी के दामों में वृद्धि कर आम जनता की कमर तोड़ दी है। प्रदर्शनकारियों ने व्यावसायिक गैस सिलेंडरों एवं 5 किलो के घरेलू सिलेंडर के दामों में वृद्धि को लेकर भी विरोध जताया। कांग्रेसियों के अनुसार पेट्रोल डीज़ल के दाम बढ़ने से परिवहन महंगा हो गया है जबकि घरेलू एवं व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर महंगे होने से गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों की रसोई का बजट पूरी तरह बिगड़ गया है। जिला प्रवक्ता सैयद आमिर रज़ा ने कहा कि डीज़ल महंगा होने से माल भाड़ा बढ़ गया है, जिसका सीधा असर रोजमर्रा के इस्तेमाल और खाद्य पदार्थों के मूल्य पर पड़ा है। हरिकिशन आंबेडकर ने कहा कि ट्रैक्टर से लेकर पम्पसेट तक चलाना महंगा हो गया है, जिससे किसानों की कमर टूट गई है। कांग्रेसियों ने सरकार से मांग की कि एलपीजी के दामों को आधा किया जाए तथा पेट्रोलियम पदार्थों के बढ़े हुए मूल्यों को वापस लिया जाए। प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगे न मानी गईं तो पार्टी चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगी।

## प्राण प्रतिष्ठा को लोईया में निकाली शोभायात्रा

» संवाददाता

मेरठ। लोईया गांव स्थित प्राचीन सिद्धपीठ पिपलेश्वर महादेव मंदिर में सोमवार को भैरवनाथ, शनि शिला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए विधि-विधान से हवन पूजन के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पूरे गांव में श्रद्धा और उत्साह के साथ निकली गई। इस दौरान श्रद्धालु डीजे पर बज रहे भजनों के पर झूमते नजर आए। श्रद्धालुओं ने जगह जगह शोभायात्रा का स्वागत कर शीतल शरबत पिलाकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा मंदिर परिसर पहुंचकर संपन्न हुई, जहां जयकारों और मंत्रोच्चार के बीच मूर्तियों की विधिवत स्थापना की गई। मुख्य यजमान रकम सिंह परिवार रहा।



## कॉमन योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

» एजेंसी। फर्रुखनगर

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत कॉमन योग प्रोटोकॉल का व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम आयुष विभाग एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान आयुष विभाग के योग विशेषज्ञों एवं योग सहायकों ने प्रतिभागियों को निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल का क्रमबद्ध एवं विस्तृत प्रशिक्षण दिया। इस दौरान विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं शिथिलीकरण अभ्यासों का विधिवत अभ्यास कराया गया। आयुष ब्लॉक नोडल अधिकारी डॉ. शशी यादव ने स्वास्थ्य के लिए योग, ज्ञान के लिए योग एवं विश्व शांति के लिए योग विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि योग को जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाना समय की आवश्यकता है।

## सामाजिक सुरक्षा कानूनों पर जागरूकता सत्र आयोजित

» एजेंसी। गुरुग्राम

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा सोमवार को मारुति सुजुकी मानेसर परिसर में एक विशेष जागरूकता सत्र आयोजन हुआ। इसमें नए श्रम कानूनों व सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 से संबंधित जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में ईएसआईसी गुरुग्राम के प्रभारी व संयुक्त निदेशक सुनील यादव और उपनिदेशक नवीन कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। सुनील यादव ने बताया कि बदलते श्रम परिदृश्य में कर्मचारियों को भारत सरकार की ओर से प्रदत्त सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं बीमा लाभों के बारे में जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है।

## सतीश की गेंदबाजी से एवेंजर्स-11 की जीत

» एजेंसी। फरीदाबाद

डबुआ स्थित एयरफोर्स क्रिकेट मैदान पर रविवार को खेले गए मुकाबले में एवेंजर्स-11 ने यूके टाइगर्स फरीदाबाद को चार विकेट से हरा दिया। 16 ओवर के मुकाबले में बल्लेबाजी को आई यूके 14.3 ओवर में 147 रन पर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से गुरू ने 48 और कैलाश ने 42 रन का योगदान दिया। एवेंजर्स सतीश ने चार विकेट चटकाए जबकि अशोक और शाहरुख ने दो-दो विकेट अपने नाम किए।

# स्वास्थ्य मंत्री ने 2.86 करोड़ की स्वास्थ्य परियोजनाएं की जनता को समर्पित

» एजेंसी। गुरुग्राम

हरियाणा की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान एवं आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने गुरुवार को गुरुग्राम जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में करीब 2.86 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाएं जनता को समर्पित कीं। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित इस कार्यक्रम में पटौदी की विधायक बिमला चौधरी भी मौजूद रही।

स्वास्थ्य मंत्री ने उपमण्डल नागरिक अस्पताल हेलीमण्डी में लगभग 50 लाख रुपये की लागत से स्थापित ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट (बीपीएचयू) का उद्घाटन किया। यह यूनिट पटौदी ब्लॉक के लिए डायग्नोस्टिक हब के रूप में कार्य करेगी, जहां एचबी, ईएसआर, आरबीएस, डेंगू, मलेरिया, ब्लड ग्रुप सहित विभिन्न लैब जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री ने गांव चन्दू में लगभग 89.45 लाख रुपये की लागत से निर्मित आम उप स्वास्थ्य केंद्र भवन,




नूरगढ़ और महचाना गांवों में निर्मित नए उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों का भी उद्घाटन किया। नूरगढ़ उप स्वास्थ्य केंद्र भवन लगभग 81.89 लाख रुपये तथा महचाना उप स्वास्थ्य केंद्र भवन लगभग 64.83 लाख रुपये की लागत से तैयार किए गए हैं। इन परियोजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता दोनों में सुधार होगा। अपने संबोधन में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि गुरुग्राम हरियाणा का सर्वाधिक आबादी वाला जिला होने के कारण यहां स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। बढ़ती जनसंख्या और तेज शहरीकरण को ध्यान में रखते हुए सरकार स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है, ताकि आमजन को बेहतर, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। नए अस्पताल भवनों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट्स तथा आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को लगातार मजबूत किया जा रहा है। आरती सिंह राव ने कहा कि गुरुग्राम में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कई नई विकास परियोजनाएं भी पाइपलाइन में हैं। उन्होंने बताया कि जिले के बाघनकी क्षेत्र में एक नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) की स्थापना की जाएगी, जबकि घामड़ोज गांव में नया सब हेल्थ सेंटर बनाया जाना प्रस्तावित है। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मौजूदा वित्त वर्ष के बजट में गुरुग्राम जिले के लिए स्वास्थ्य अधोसंरचना को और मजबूत करने पर विशेष फोकस किया गया है। इसी क्रम में जिले में आठ नए सब सेंटर स्थापित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त रणसीका, रीठोज तथा सिधारवाली में तीन नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) स्थापित किए जाएंगे।

# जिला स्तरीय बाढ़ मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

» एजेंसी। फरीदाबाद

जिला प्रशासन द्वारा गुरुवार को बाढ़ संभावित शहरी क्षेत्र ओल्ड अंडरपास में जिला स्तरीय बाढ़ मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य संभावित बाढ़ अथवा जलभराव जैसी आपात परिस्थितियों में विभिन्न विभागों एवं राहत एजेंसियों की तत्परता, समन्वय क्षमता तथा बचाव कार्यों की तैयारियों का आकलन करना था, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में जनहानि और संपत्ति के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। मॉक ड्रिल का शुभारंभ सुबह साइरन बजने के साथ किया गया। इसके बाद सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर से विभिन्न रेस्क्यू एवं राहत टीमें अपने-अपने निर्धारित स्थलों के लिए रवाना हुईं। इस दौरान एसडीआरएफ, एम्बुलेंस सेवा, फायर ब्रिगेड, सिविल डिफेंस, रेडक्रॉस, नेवी एनसीसी बॉयज एवं गर्ल्स कैडेट सहित अन्य संबंधित विभागों एवं एजेंसियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। मॉक अभ्यास के दौरान राहत एवं बचाव दलों ने बाढ़




प्रभावित क्षेत्र में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने, प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने तथा आवश्यक संसाधनों की त्वरित आपूर्ति सुनिश्चित करने का अभ्यास किया। अभ्यास के दौरान यह दर्शाया गया कि किसी भी आपात स्थिति में किस प्रकार विभिन्न विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए सीमित समय में राहत कार्यों को प्रभावी ढंग से अंजाम दे सकते हैं। रेस्क्यू टीमों ने नावों, रस्सियों तथा अन्य आधुनिक उपकरणों की सहायता से लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। जिला स्तरीय बाढ़ मॉक ड्रिल में विभिन्न विभागों एवं एजेंसियों के कई अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। मॉक अभ्यास में 100 पुलिस कर्मी, गुरुग्राम के भौंडसी स्थित एसडीआरएफ यूनिट के 40 जवान, 25 होम गार्ड, 10 सिविल डिफेंस कर्मी, 10 आपदा मित्र, 30 रेडक्रॉस स्वयंसेवक, 10 स्वास्थ्य कर्मी तथा 50 एनसीसी कैडेट्स (लड़के एवं लड़कियां) शामिल रहे।

## ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गुरुग्राम का दमदार प्रदर्शन

» एजेंसी। गुरुग्राम

अंबाला जिले में 19 से 21 दिसंबर तक आयोजित 16वीं हरियाणा कप ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में गुरुग्राम टीम तीसरे स्थान पर रही। कुरुक्षेत्र टीम ने पहला और रेवाड़ी टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया। चैंपियनशिप में गुरुग्राम की ओर से कुल 33 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 31 खिलाड़ियों ने पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया। खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के पीछे डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन के सेक्रेटरी धर्मेंद्र यादव, कोचिंग स्टाफ और खिलाड़ियों की लगातार मेहनत व अनुशासन को अहम माना जा रहा है। प्रतियोगिता में गुरुग्राम के खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु और भार वर्गों में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। स्वर्ण पदक जीतने वालों में देव तोमर, अर्जुन नागिया, वीरेंद्र सिंह, अथर्व पाठक, सिया शर्मा, धृति ठाकरान, आमानी और अभिषेक डागर शामिल रहे। रजत पदक विजेताओं में शौर्य, मीरा, गविश, प्रियांशु, देव, आद्या, आरित, पीहू, आमानी और व्योम आर्य ने शानदार प्रदर्शन किया।

# जल्द मिलेंगी रेड लाइट फ्री कॉरिडोर और रैपिड मेट्रो की सौगात : कृष्णपाल गुर्जर

» एजेंसी। फरीदाबाद

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने आर्थिक, आधारभूत संरचना एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति की है। उन्होंने रविवार देर सायं वार्ड नंबर-20 क्षेत्र में विकास कार्यों के तहत सेक्टर-45 एवं सेक्टर-46 की डिवाइडिंग रोड पर अंडरपास से सिद्धदाता आश्रम रोड तक लगभग 3 करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाली सडक़ परियोजना का नारियल तुड़वाकर विधिवत शिलान्यास किया।

इस अवसर पर बडख़ल विधायक धनेश अदलखा भी मौजूद रहे। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को भी सुनकर उनका जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया। कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद फरीदाबाद में विकास कार्यों ने नई गति पकड़ी है और क्षेत्र की अधिकांश मूलभूत समस्याओं का समाधान किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार केवल घोषणाएं नहीं करती, बल्कि तय समय सीमा में विकास कार्यों को धरातल पर उतारने का कार्य करती है। उन्होंने बताया कि सेक्टर-45 की वर्षों पुरानी सीवर समस्या के समाधान के लिए लगभग 2.25 करोड़ रुपये की लागत से नई सीवर लाइन डालने का कार्य अगले दस दिनों में शुरू होगा। वहीं सेक्टर-46 में लगभग सवा दो करोड़ रुपये की लागत से बारात घर निर्माण का कार्य भी जल्द प्रारंभ किया जाएगा। इसके अलावा सेक्टर-45 एवं 46 की मुख्य सडक़ को लगभग 3.5 करोड़ रुपये की लागत से विशेष तकनीक के माध्यम से विकसित किया जाएगा, ताकि पहाड़ी क्षेत्र से आने वाले पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। सडक़ के साथ दोनों ओर ड्रेनेज और सुरक्षा व्यवस्था भी विकसित की जाएगी।

## फरीदाबाद जाइंट्स चार विकेट से जीती

» एजेंसी। फरीदाबाद

गांव भूपानी स्थित 83वें पीसीके कप के मुकाबले में फरीदाबाद जाइंट्स ने फरीदाबाद फोर्सेस के खिलाफ 4 विकेट से जीत दर्ज की। कमल कोहली को शानदार प्रदर्शन पर मैन ऑफ द मैच दिया गया। फरीदाबाद फोर्सेस की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में छह विकेट के नुकसान पर 180 रन बनाए। विशम्भर ने 49, मनोज जाखड़ ने 40 और विकास व प्रमोद ने 22-22 रन बनाए। फरीदाबाद जाइंट्स की ओर से कमल कोहली व कमल शर्मा ने दो-दो और अंशुल व पंकज कोहली ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए फरीदाबाद जाइंट्स की टीम ने 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 181 रन बनाकर मुकाबला जीता। कमल कोहली ने 55, आकाश मौर्य ने 45 और नीनू ने 43 रन बनाए। फरीदाबाद फोर्सेस की ओर से सोनू चेची ने दो, प्रमोद दलाल और अशोक डागर ने एक-एक विकेट लिया।

# जिलास्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन

» एजेंसी। फरीदाबाद

सेक्टर-45 स्थित आयशर स्कूल में जिलास्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिले के 100 से अधिक महिला एवं पुरुष तैराकों ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता जिला तैराकी संघ द्वारा आयोजित की गई थी।

जिला तैराकी संघ के महासचिव एके पंडित, कोच वीरेंद्र कुमार, जितेंद्र जोगी, विजय पाल, राम भतेरी और श्रुति मलिक ने प्रतियोगिता के आयोजन में अहम भूमिका निभाई। 44 डिग्री तापमान में तैराकों और उनके अभिभावकों का उत्साह देखने योग्य रहा। महिला 100 मीटर बटरफ्लाई प्रतियोगिता में लक्षिता ने पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं, हर्षिका दूसरे स्थान पर रहीं। पुरुष वर्ग में उदित मलिक ने प्रथम स्थान हासिल किया। 100 मीटर फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता में लक्षिता, नियति और भीनी ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

वहीं, ब्रेस्ट स्ट्रोक प्रतियोगिता में दिविते ने पहला, जीविशेत ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। महिलाओं में सान्वी ने पहला, भीनी ने दूसरा और पाखी ने तीसरा स्थान हासिल किया। बैक स्ट्रोक प्रतियोगिता में मयंक मेहता विजेता, डिविट प्रथम उपविजेता और रुद्र शांडिल्य द्वितीय विजेता रहे। महिलाओं में हर्षिका, कशिश व आलिया ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। 200 मीटर बटर फ्लाई प्रतियोगिता में दर्श सिंह ने पहला स्थान पाया।

महिला वर्ग में हर्षिता विजेता और आलिया उपविजेता रहीं। ब्रेस्ट स्ट्रोक प्रतियोगिता में जीवितेश प्रथम व रुद्र द्वितीय रहे। महिला वर्ग में सान्वी प्रथम व पाखी द्वितीय रहे।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक रंजीत सिंह ने युरेशिया प्रिंटिंग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी सूरज कुण्ड रोड, मेरठ-250001 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर कार्यालय : म0स0 1 सतीश चंद्र भवन, रिठानी पूठा रोड, निकट रेलवे क्रासिंग, मेरठ-250103(उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादक : रंजीत सिंह आरएनआई नं0 UPHIN2001/03844